कितनी जल्दी केंद्रीय मूल्यांकन अभिकरणों की टिप्पणियों की अनुपालना करती है और जहां आवश्यक हो पर्यावरण और वन मन्त्रालय की स्वीकृति प्राप्त करती है।

भारत और पाकिस्तान के बीच जल-संधि

696. **श्री राम जेठमलानी** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 17 अप्रैल, 1994 के दैनिक ट्रिब्यून में "इण्डियाज वाटर ट्रीटी डिस्क्रीमिनेटरी" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि 1960 में पाकिस्तान और भारत के बीच की गई जल-संधि जिसके अन्तर्गत पाकिस्तान को पंजाब की नदियों के जल का अधिकतम उपयोग करने का अधिकार दिया गया था, विभेदपूर्ण है ;

(ग) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ;

(घ) क्या सरकार का देश के उत्तरी भाग में पानी की कमी को देखते हुए, इस संबंध में पाकिस्तान से इस संधि में कतिपय सुधार करने के लिये अनुरोध करने का विचार है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं

शहरी विकास मंत्रालय तथा जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. के. थुंगन) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) सिंधु जल संधि, 1960 पर भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। तब से, संधि का कार्यान्वयन संतोषजनक ढंग से किया जा रहा है।

(घ) ऐसा कोई प्रताव नहीं है।

(ङ) इस पर विचार करना आवश्यक नहीं समझा गया।

उत्तर बिहार में बाढ़ नियंत्रण

697. **श्री आस मोहम्मद**: क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आठवीं पंच-वर्षीय योजना के अन्तर्गत बिहार में बाढ़ नियंत्रण के लिये कोई धनराशि मंजूर की है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त धनराशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

शहरी विकास मंत्रालय तथा जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.के. थुंगन) : (क) और (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना में बिहार के लिए बाढ़ नियंत्रण क्षेत्र के अंतर्गत 251.71 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, आठवीं योजना में बिहार सहित गंगा बेसिन राज्यों में बाढ़ पूर्वेक्षण के लिए केन्द्रीय क्षेत्र में 40 करोड़ रुपए की राशि की व्यवस्था भी की गई है। निधियां निर्मुक्त करना राज्य सरकार द्वारा योजना आयोग को वार्षिक रूप से किए गये प्रक्षेपण पर निर्भर करता है।

Release of water from Haryana to Delhi

698. SHRI V. NARAYANASAMY: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Delhi Government requested the Chief Minister of Haryana to release water to Delhi to enable the local authorities in supplying drinking water to the people of Delhi;

(b) whether it is a fact that the meeting of the concerned Chief Ministers took place recently; and